26. Gujarat .	110165	49279
27. Madhya Pradesh . .	58337	50351
28. Maharashtra . .	119382	87177
29, Goa . . .		10006
TOTAL WEST .	287883	196813
31. Exports . . .		28121 227
32. Others . •	.	512
GRAND TOTAL .	985567	974765

राष्ट्रीय बीज निगम के कर्मचारियों के लिए वेतन आयोग की सिफारिशें

1092. **श्रीमती कैलाशपति :**
श्री बलराम सिंह यादव :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय बीज निगम के नियमित कर्मचारियों के वेतन आदि के संबंध में उच्च शक्ति प्राप्त वेतन आयोग ने सरकार को कुछ सिफारिशें की हैं ;

(ख) यदि हां, तो उन सिफारिशों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने इन सिफारिशों के आधार पर कर्मचारियों के वेतन आदि में सुधार किया है; यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं और इस संबंध में कब तक निर्णय किये जाने की संभावना है ?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री नितिश कुमार)

(क) जी, हां।

(ख) राष्ट्रीय बीज निगम के संबंध में विभिन्न पदों के संशोधित वेतनमानों का ब्यौरा, जैसा कि कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी किये गये दिनांक 12 जून, 1990 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 2(43)/90/डी.पी.ई.(डब्ल्यू.सी.) में निहित है, अनुपत्र में दिया गया है। [देखिये परिशिष्ट 155, अनुपत्र सं. 37]

(ग) उच्च शक्ति प्राप्त वेतन समिति की सिफारिशों का कार्यान्वयन, जैसा कि 12 जून, 1990 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 2(43)/90/डी.पी.ई. (डब्ल्यू.सी.) में निहित है, राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा स्वीकार किया जाना है, जिसने इसे इस समय भत्ते की गैर-अनिवार्य मदों के संबंध में की गई सिफारिशों को छोड़कर स्वीकार कर लिया है क्योंकि राष्ट्रीय बीज निगम आंतरिक संसाधनों का सृजन नहीं कर सकी है। राष्ट्रीय बीज निगम इस निर्णय को लागू करने के लिये अपने संसाधन बढ़ाने के प्रयास कर रहा है।